## संक्षिप्त

### पूर्व उपमत्री बैरवा की पुण्यतिथि मनाई

**टोंक।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व उपमुख्यमंत्री स्व. बनवारी लाल बैरवा 16वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यालय के बस स्टैंड स्थित प्रतिमा पर कांग्रेसजनों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने बैरवा की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमनअर्पित किए। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि दिग्गज कांग्रेसी नेता जिन्होंने विभिन्न पदों पर रहते हुए प्रदेश की सेवा की है, ऐसे व्यक्तित्व जो विधायक से लेकर सांसद मंत्री और राज्य के उपमुख्यमंत्री रहे, उन्होंने अपना पूरा जीवन सादगी से इसी प्रकार निवाई के डाक बंगले में भी बनवारी लाल बैरवा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, कार्यक्रम के अन्तर्गत हरि कीर्तन किया गया तथा इस मोके पर हाफिज सिबगतुल्लाह मजाहिरी ने कुरान भी पढी। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, पूर्व विधायक कमल बैरवा, पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा और नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने स्व. बैरवा के जीवन पर प्रकाश डाला। बाद में सभी ने स्वर्गीय बनवारी लाल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विवाह पंजीकरण पर कार्यशाला

**चौरु/उनियारा।** अलीगढ़ पंचायत समिति सभागार में एक दिवसीय जन्म मृत्यु एवं विवाह पंजीकरण की कार्यशाला का हुआ आयोजन,जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु) एवं उपनिदेशक आर्थिक तथा सांख्यिकी विभाग हनुमान मीणा की अध्यक्षता में कार्यशाला का किया गया आयोजन,आयोजित कार्यशाला में सहायक सांख्यिकी अधिकारी राजेंद्र सैनी ने पीपीटी के माध्यम से पहचान पोर्टल पर आने वाली समस्या, आज दिन तक हुए संशोधनों के बारे में दी विस्तार से जानकारी,इस दौरान ब्लाक सांख्यिकी अधिकारी बनवारी लाल धाकड, अतिरिक्त जिला रजिस्ट्रार (जन्म मृत्यु), विकास अधिकारी शंकर लाल मेघवाल,पंचायत प्रसार अधिकारी मदन लाल रैगर सहित सांख्यिकी कार्मिक तथा उनियारा ब्लाक के समस्त रजिस्ट्रार/उप रजिस्ट्रार मौजूद रहे ।

# टोंक में मंत्री रावत की मौजूदगी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीपल, कदम के पेड़ लगाए

**टोंक।** भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में राजस्थान के जलसंसाधन मंत्री सुरेश रावत का टोंक आगमन पर मुख्यालय स्थित शीतल होटल पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया, इस मौके पर मंत्री रावत ने हरियालो राजस्थान अभियान के एक पेड़ मा के नाम अभियान के तहत निजी महाविद्यालय में वृक्षारोपण की शुरुआत की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं द्वारा कदम, शहतुत, पीपल, सहित 101 पौधे लगाए गए। इस अवसर पर मंत्री सुरेश रावत ने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग हैं, वृक्ष ही जीवन है, पेड़ पौधों के बगैर जीवन की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है, वृक्ष लगाने के साथ-साथ उनकी रक्षा करना भी आवश्यक हैं। इस दौरान

- एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

जिलाध्यक्ष चौहान ने कहा कि पेड़ पौधे प्रकृति के अनमोल आभूषण होते हैं, पेड़ पौधों से ही मनुष्य का जीवन चलता है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण का करना बहुत जरूरी है। इस अवसर पर जिला प्रमुख सरोज बंसल, पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वन पर्यावरण कार्यक्रम जिला संयोजक सत्यनारायण चौधरी, राजेन्द्र पराना, पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन, जिला महामंत्री विष्णु शर्मा, प्रभु बाडोलिया, मनीष सिसोदिया, पंकज पहाड़िया, सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

राजस्थान के जलसंसाधन मंत्री सुरेश रावत के टोंक आगमन पर भव्य स्वागत किया।

## सार-समाचार

### न्यायिक कर्मचारियों का प्रदर्शन

**टोंक।** न्यायिक कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया, इस मौके पर राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष के आह्वान पर विभिन्न मांगों को लेकर 5वें दिन मंगलवार को टोंक में न्यायिक कर्मचारियों ने रैली निकाल और प्रदर्शन कर जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष ने बताया कि प्रदेशव्यापी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर टोंक न्याय क्षेत्र के सभी कर्मचारियों ने भी इस आंदोलन में भाग लिया है तथा मंगलवार को न्यायालय परिसर में आमसभा की गई। मांगों कर्मचारियो ने सामान्य संवर्ग और आशुलिपिक संवर्ग का कैडर पुनर्गठन राज्य सरकार की अधिसूचना 25 मई 2022 और 4 अक्टूबर 2022 के अनुसार किया जाए जो ढाई साल से पेंडिंग चल रहा है। न्यायिक कर्मचारियों ने मांगों को लेकर कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा तथा कैडर पुनर्गठन को पूरी तरह लागू करने की मांग की।

### लॉटरी का ड्रा 24 को

**कोटपूतली।** कृषि उपज समिति में ई-नाम के माध्यम से विक्रय करने तथा ई-भुगतान हेतु कृषकों को प्रेरित कर अधिकाधिक लाभ दिलाने के उद्धेश्य से राज्य सरकार व कृषि विपणन विभाग द्वारा राज्य की मंडी समितियों में कृषक उपहार योजना संचालित की जा रही है। जिसकी 01 जनवरी से 30 जून तक प्रथम 06 माह में गेट पास के आधार पर जारी कूपनों के ड्रॉ में प्रथम पुरूस्कार राषिं 25 हजार, द्वितीय पुरूस्कार 15 हजार व तृतीय पुरूस्कार 10 हजार रूपये इसी प्रकार ई-भुगतान के आधार पर जारी कूपनों के ड्रा में प्रथम पुरूस्कार राशि 25 हजार, द्वितीय पुरूस्कार राशि 15 हजार व तृतीय पुरूस्कार 10 हजार रूपये दिया जाता है। कृषि उपज मंडी समिति कार्यालय द्वारा आगामी 24 जुलाई को दोपहर 01 बजे कूपनों की लॉटरी का ड्रा निकाला जायेगा।

### 4.93 करोड़ रुपये की ब्याज छूट दी

**टोंक।** जिला सहकारी भूमि विकास बैंक टोंक ने मुख्यमंत्री अवधिपार ब्याज राहत योजना 2025-26 में किसानों को बड़ी राहत दी है, इस मौके पर भूमि विकास बैंक के सचिव रवींद्र सिंह यादव ने बताया कि योजना के तहत बैंक ने 4.93 करोड़ की ब्याज छूट प्रदान करते हुए 263 प्रकरणों का निस्तारण किया। इस दौरान 7.76 करोड़ रुपये की वसूली सुनिश्चित की, उन्होंने बताया कि ऋणी किसान मूलधन राशि जमा करवाकर शत प्रतिशत ब्याज में छूट का लाभ उठा सकते है।

### पदाधिकारियों की बैठक

**दौसा।** राजस्थान प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियो की बैठक मंगलवार को आयोजन की गई। जिसमें सर्व सम्मति से हजारीलाल मीणा को दौसा का ब्लॉक अध्यक्ष निर्वाचि किया गया। राजस्थान प्राथमिक माध्यमिक शिक्षक संघ जिला शाखा दौसा के संरक्षक एन आर बालोत ने बताया कि विडिान्न शिक्षक समस्याओं को लेकर संगठन के पदाधिकारीयों की मीटिंग का आयोजन आज शाम ओम सांई पब्लिक स्कूल ाांकरी रोड दौसा में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से दौसा ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर हजारीलाल मीना को नियुक्त किया गया। जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश सिंह उमरवाल ने नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को हार्दिक बधाई देते हुए सात दिवस में ब्लॉक की कार्यकारिणी गठित करते हुए संगठन हित में कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान संगठन के सऽााध्यक्ष जागीरदार मीणाए वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरि सिंह काले?ाए उपाध्यक्ष डाल सिंह राजपूतए जिला कोषाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जरए जिला प्रवक्ता अशोक ाागोती सहित अनेक शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### एसडीआरएफ कार्यालय का निरीक्षण

**भरतपुर** (निस)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित स्टोर रूम एवं एसडीआरएफ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया तथा आपदा राहत के दौरान बचाव के लिए उपलब्ध संसाधनों की जानकारी ली। जिला कलक्टर ने कहा कि कलेक्ट्रेट के स्टोर रूम को सुव्यवस्थित रखा जाकर उपलब्ध फाइलों एवं सामठाी को श्रेणीवार विभाजित कर रखें।

# 3 वर्ष से फरार इनामी बदमाश पकड़ा

**बामनवास।** सवाई माधोपुर जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के निर्देशन में बाटोदा थाना पुलिस ने 3 वर्ष से फरार 5 हजार का इनामी 2 लाख 25 हजार रुपए की साइबर ठगी करने के आरोपी शाहिद खान उर्फ साजिद खान उम्र 30 वर्ष निवासी गोठडा जिला अलवर को गंगापुर सिटी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बाटोदा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया कि परिवादी शिक्षक चिंरजी लाल रैगर निवासी जाखोलास कला थाना बाटोदा ने मामलादर्ज कराकर अवगत कराया था कि 31 जुलाई 2022 को व्हाट्सएप मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आया एवं उसके बाद न्यूड वीडियो व फोटो उनके नंबर पर आए, एक लडकी ने कॉल कर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर छवि खराब करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया एवं आरोपी ने पुलिस अधीक्षक बनकर फोटो वायरल करने एवं लडकी के सुसाइड केस में गिरफ्तार करने की धमकी देकर बेईमानी पूर्वक 2लाख25हजार रुपए प्राप्त कर लिए। इस मामले में मुख्य आरोपी शाहिद खान उर्फ साजिद खान जाति मेव पिछले 3 वर्ष से फरार चल रहा था, आरोपी की गिरफ्तारी पर जिला स्तर पर 5हजार का इनाम घोषित था, इस मामले को लेकर बाटोदा थाने में अपराध

- बाटोदा थाना पुलिस ने 3 वर्ष से फरार इनामी 2 लाख 25 हजार रुपए की साइबर ठगी करने के आरोपी को पकड़ा

संख्या 174 /2022 अंतर्गत धारा 420,120 बी, आईपीसी 67 आई.टी. एक्ट में दर्ज कर जांच शुरू की गई। इस मामले को लेकर बाटोदा थाना प्रभारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में टीम में शामिल सवाई माधोपुर सेल के सहायक उप निरीक्षक अजीत सिंह मोगा, हैड कांस्टेबल हेमेंद्र पाल सिंह, कॉन्स्टेबल विजेंद्र सिंह, रामेश्वर सिंह, भजनलाल व यदुवीर सिंह की टीम ने मुखबिर तंत्र के आधार पर इनामी आरोपी का पीछा करते हुए गंगापुर सिटी में तूडी के धंधे के रुपए लेने आने की सूचना पर ईदगाह मोड के पास गंगापुर सिटी से दबोचने में सफलता हासिल की। इस आरोपी के खिलाफ पूर्व में हत्या के प्रयास का एक साइबर ठगी करएक्सटार्शन करने का भी मामला दर्ज था, इनामी आरोपी साजिद खान को अठिाम अनुसंधान कार्रवाई के लिए बामनवास थाना प्रभारी राकेश शर्मा को सुपुर्द किया ।

## न्यायिक कर्मचारियों का धरना जारी

**करौली।** पुनर्गठन की मांग को लेकर न्यायिक कर्मचारियों का सामूहिक अवकाश मंगलवार को भी जारी रहा। इस दौरान न्यायालयों का कार्य पूरी तरह प्रभावित रहा। न्यायिक कर्मचारियों ने जिला न्यायालय परिसर में धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। राजस्थान उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ द्वारा राजस्थान के सभी अधीनस्थ न्यायालयों के कर्मचारियों के पद पुनर्गठन का प्रस्ताव भेजा गया जो कि राज्य सरकार द्वारा अभी तक लागू नहीं किए जाने के कारण संपूर्ण राजस्थान के न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर है। मंगलवार को धरना स्थल पर संयोजक सुरेश जोशी, राजेंद्र गुप्ता, प्रांतीय प्रतिनिधि अरुण शर्मा, हरिओम सिंह, चंद्रदीप जैन, रामनिवास गुप्ता, भंवर सिंह,रहीश,लोकेश,बबलू, बालकृष्ण,रामफूल, गुलाब, राजेश गुप्ता, जगदीश, अजय, डिग्गी, राधेश्याम वर्मा, प्रकाश, सहित समस्त जिले के न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे। पुनर्गठन की मांग को लेकर आज बुधवार को संपूर्ण जिला के न्यायिक कर्मचारी जिला मुख्यालय पर एकत्रित होकर जिला न्यायालय से कलेक्ट्रेट तक रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन कर जिला न्यायधीश और जिला कलेक्टर को ज्ञापन देंगे।

# ओपीडी की छत की पट्टियां टूटीं, नहीं हुई जनहानि

**गंगापुर सिटी।** राजकीय जिला अस्पताल में सोमवार अस्पताल के आउटडोर (ओपीडी) की छत की 8-9 पट्टियां टूट गईं। गनीमत रही की पट्टियां नीचे नहीं गिरीं और घटना के समय ओपीडी में कोई मरीज मौजूद नहीं था। अस्पताल प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टूटी पट्टियों को गिरने से रोकने के लिए लकडी की बल्ली का सहारा लगाया है।

यह अस्थाई व्यवस्था की गई है। बारिश के कारण भवन में सीलन आ रही है और प्लास्टर भी जगह-जगह से गिर रहा है। अस्पताल में गंगापुर सिटी के साथ बामनवास, वजीरपुर, तलावडा, सपोटरा, नादौती और बाटोदा क्षेत्र के मरीज इलाज के लिए आते हैं। भवन की मरम्मत की जिम्मेदारी पीडब्ल्यूडी विभाग की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

अस्पताल के पीएमओ डॉ. दिनेशचंद गुप्ता ने इस मामले की सूचना चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक, जोन डायरेक्टर और पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को दी है। पीडब्ल्यूडी विभाग के जेईएन राजाराम मीना ने मौके का निरीक्षण किया है। स्थिति को देखते हुए जल्द ही क्षतिग्रस्त पट्टियों को बदलने और पूरे भवन की

- अस्थाई सपोर्ट से संभाला, पीएमओ ने बताया बजट का अभाव
- अस्पताल में गंगापुर सिटी के साथ बामनवास, वजीरपुर, तलावडा, सपोटरा, नादौती और बाटोदा क्षेत्र के मरीज इलाज के लिए आते हैं।

मरम्मत की आवश्यकता है। राजकीय जिला अस्पताल गंगापुरसिटी के पीएमओ डॉ. दिनेशचंद गुप्ता ने कहा कि अस्पताल में क्षतिग्रस्त पट्टियों कि मरम्मत कराने के लिए बजट का अभाव भी है। इसके चलते अस्पताल की कई पट्टियां भी चटक रही है।

जिससे उन्हें अभी तक नहीं बदलवाया गया है। जिससे हादसे का भय बना हुआ है। उन्होंने कहा कि फिलहाल हादसा ना हो इसके लिए सपोर्ट में लकडी की बल्ली लगाई गई है। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों व पीडब्ल्यूडी को मरम्मत के लिए पत्र भेजा गया है।

## ट्रैक्टर चोरी मामले में तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**टोंक।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में वृत्ताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी द्वारा गठित विशेष टीम द्वारा थाना सदर टोंक में दर्ज प्रकरण में वारदात करने वाले आरोपी जो न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे थे, जिनको प्रॉडक्शन वारंट पर अनुसंधान के बाद आरोपी रोहित पुत्र श्योनारायण गुर्जर उम्र 19 साल, कन्हैया पुत्र गंगाराम बैरवा उम्र 22 साल व अजय बैरवा पुत्र बाबुलाल बैरवा उम्र 22 साल निवासी चन्दलाई थाना सदर टोंक को गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी किये ट्रेक्टर को बरामद किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त घटना में चोरो ने 4 जुलाई को एक ट्रेक्टर को रात्रि मे दो अज्ञात चोर ने ट्रेक्टर को पम्प से स्टार्ट करके ले गये। जिसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान के बाद तीनो आरोपियों प्रॉडक्शन वारंट पर जिला कारागृह टोंक से गिरफ्तार कर आरोपियों के द्वारा बताये गये निशादेही पर चोरी किये गये ट्रैक्टर को बरामद किया गया है।

# लाईट्स पोर्टल प्रशिक्षण दिया

**भरतपुर** (निस)। राज्य स्तर से लाईट्स (मुकदमेबाजी सूचना ट्रैकिंग और मूल्यांकन प्रणाली) पोर्टल का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सभी विभागों के कार्मिकों को सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के वीसी रूम में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण में विभागीय कार्मिकों को न्यायालय में दर्ज मुकदमों की प्रविष्टि करने एवं उनकी रिपोर्ट तैयार करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई।

एसीपी पुष्पेन्द्र कुंतल ने बताया कि लाईट्स राजस्थान के विधि एवं न्याय विभाग द्वारा विकसित एक वेब-आधारित एप्लिकेशन है। जो राज्य सरकार से संबंधित मुकदमों के प्रबंधन और निगरानी के लिए केंद्रीकृत प्लेटफॉर्म के रूप में कार्य करता है। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य कार्यक्षमता में सुधार, मुकदमेबाजी की लागत में कमी और समय पर जानकारी उपलब्ध कराकर प्रभावी निर्णय लेने में सहायता करना है।

लाईट्स की प्रमुख विशेषताएं एवं उद्देश्य एसीपी ने बताया कि लाईट्स पोर्टल केंद्रीकृत डाटाबेस सभी मुकदमेबाजी संबंधी जानकारी को एक स्थान पर उपलब्ध कराता है। प्रगति की निगरानी रखकर मुकदमों की स्थिति और परिणामों का ट्रैकिंग एवं मॉनिटरिंग संभव करता है। मुकदमेबाजी में कमी करते हुये स्पष्ट आंकडों के माध्यम से अनावश्यक मुकदमों को कम करने में मदद करता है। इसके माध्यम से मुकदमों की लागत में कमी लाकर कार्यप्रणाली को सुव्यवस्थित कर मुकदमेबाजी की लागत घटाता है। उन्होंने बताया कि प्रभावी योजना निर्माण द्वारा उपलब्ध डाटा के आधार पर बेहतर योजना एवं नियंत्रण किया जाता है। इसमें यूजर प्रबंधन उपयोगकर्ताओं को जोड़ने, निष्क्रिय करने एवं भूमिकाएं निर्धारित करने की सुविधायें हैं। पोर्टल एमआईएस रिपोर्ट्स विभिन्न रिपोर्ट्स जैसे प्रविष्टि स्थिति, लंबित कार्य एवं लॉगिन रिपोर्ट तैयार करता है। प्रशिक्षण में भरतपुर से मास्टर ट्रेनर एसीपी पुष्पेन्द्र कुंतल के साथ चिकित्सा, एवं वन आदि विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रतिभावान छात्र सम्मानित

**कोटपूतली।** कस्बे के शक्ति विहार स्थित शिव सरस्वती स्कूल में मंगलवार को निदेशक बद्रीप्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष परीक्षा परिणाम में छात्रा सोनल अग्रवाल, करण सैनी, स्नेहा अग्रवाल ने सीए फाउण्डेशन तथा नैंसी बंसल ने सीएस फाउण्डेशन तथा चाहत शर्मा, धीरव अरोडा व ऋतिक जांगिड ने सीएमए फाउण्डेशन में क्वालीफाई कर प्रवेश किया। विद्यालय द्वारा इन विद्यार्थियों को माल्यार्पण, साफा व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही अभिभावकों का भी मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने विधार्थियों को कर्तव्यनिष्ठा पूर्वक, ईमानदारी व पूर्ण लगन से कार्य करने के लिये प्रेरित किया। सह निदेशक हृदेश शर्मा ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार प्रकट किया। संचालन व्याख्याता राज किरण ने किया। इस दौरान व्याख्याता डॉ. घनेश गौड, डॉ. संगीता गौतम, निष्ठा शर्मा, सुनीता शर्मा, नवल किशोर, नितेश गुप्ता, कपिल गोयल, विजयलक्ष्मी एवं समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# हरियाली तीज पर खैरथल-तिजारा में 2 लाख पौधे रोपण का संकल्प

**खैरथल।** राजस्थान की पहचान लंबे समय तक एक रेगिस्तानी और जल-संकटठास्त राज्य के रूप में रही है, लेकिन अब इस छवि को बदलने का संकल्प मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लिया है। उनका नेतृत्व पर्यावरणीय चेतना को केवल नीति तक सीमित नहीं रख रहा, बल्कि उसे जन-आंदोलन का रूप दे रहा है। हरियाली, जल संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास अब राजस्थान की शासन प्राथमिकताओं में शीर्ष पर हैं। खैरथल-तिजारा जिले में हरियाली तीज पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन इस बार बाबा मोहन राम मंदिर के समीप स्थित 50-50 हेक्टेयर के खंड पर 50 हजार पौधे रोपित कर किया जाएगा साथ ही इस दिन पूरे जिले में 2 लाख पौधे लगाए जाएंगे। जिले में हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत 3,14,860 वृक्षारोपण हेतु गड्ढों की खुदाई की गई। ठाामीण क्षेत्रों के 596 गांवों में कुल 5,701 कार्यक्रम तथा शहरी क्षेत्रों के

- बाबा मोहन राम मंदिर बनेगा मुख्य केंद्र, जहां पौधारोपण होगा

7 शहरों में 2,049 कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरणा लेते हुए राज्य सरकार ने 'हरियालो राजस्थान' महाअभियान शुरू किया हुआ है। प्रदेश में पिछले मानसून में 7 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और इस वर्ष 10 करोड पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह अभियान केवल वृक्षारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे जुड़े 'मातृ वन' और 'स्मृति वन' जैसी संकल्पनाएं इसे एक भावनात्मक आंदोलन बना रही हैं। हर जिले में आमजन की भागीदारी से मातृ वन बनाए जा रहे हैं, जहाँ नागरिक अपने परिजनों की स्मृति में वृक्ष लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इस अभियान को डिजिटल रूप से ट्रैक करने के लिए 'हरियालो राजस्थान' मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नेतृत्व राजस्थान को पारंपरिक रेगिस्तान से हरित समृद्धि की ओर ले जा रहा है। यह केवल वृक्षारोपण या जल संरक्षण की पहल नहीं है, बल्कि यह समठा दृष्टिकोण है जो पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों को जोड़ता है। आज राजस्थान सतत विकास की दिशा में देश के अठाणी राज्यों में शुमार हो रहा है। हर नागरिक की भागीदारी और सरकार की प्रतिबद्धता के साथ, 'हरित राजस्थान' अब केवल एक सपना नहीं, बल्कि साकार होता यथार्थ है।वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला खैरथल-तिजारा ने राज्य स्तरीय रैंकिंग में सराहनीय प्रदर्शन करते हुए शीर्ष से 8वां स्थान प्राप्त किया है। जिले में इस जन अभियान के अंतर्गत कुल 7,750 कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया, जिनमें 2.15 लाख महिलाओं सहित कुल 4.03 लाख आम नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। जल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान देते हुए सीएसआर और दानदाताओं के सहयोग से मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान समिति मद में 55.83 लाख रुपये की राशि एकत्र की गई, जिससे खैरथल तिजारा जिला राज्य में प्रथम स्थान पर रहा। इसके अतिरिक्त, सीएसआर माध्यम से एक करोड़ रुपये से अधिक लागत के जल संरक्षण कार्य होंगे। अभियान के अंतर्गत 2,423 जल स्त्रोतों, गौशालाओं, सार्वजनिक स्थलों एवं विभिन्न कार्यालयों की सफाई की गई। वहीं 384 पूर्ण कार्यों का अवलोकन/लोकार्पण एवं नवीन कार्यों का शुभारंभ किया गया। 2,290 स्थानों पर आमजन द्वारा श्रमदान किया ।

# भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ उठी आवाज

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर में कांठोस पार्टी के भरतपुर जिला प्रभारी पीसीसी महासचिव राजेश चौधरी ने जिला कार्यालय पर जिला, ब्लॉक एवं विधानसभा प्रभारीयों की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने की तथा विशिष्ट अतिथि जाहिदा खान पूर्व मंत्री राजस्थान सरकार रही।

कांग्रेसी संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पूरे राजस्थान में भाजपा सरकार की कुरीतियों,अराजकता एवं जनविरोधी नीतियों के विरोध में ऐसी बैठकें आयोजित की जा रही है। मुख्य अतिथि राजेश चौधरी ने भाजपा सरकार की नीतियों पर हमला करते हुए कहा कि राजस्थान में जब से भाजपा सरकार बनी है तब से अपराधों का ठाफ बेतहाशा बढा है। चौधरी ने महिला अत्याचार, हत्याएं, अपहरण, अवैध बजरी खनन, आमजन में असुरक्षा का माहौल आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा

- कांग्रेस जिला प्रभारी राजेश चौधरी की अध्यक्षता में भरतपुर में संगठनात्मक बैठक

करते हुए कहा कि राजस्थान की पर्ची सरकार ने आम जनता में अपना भरोसा पूरी तरह खो दिया है। जिला प्रभारी राजेश चौधरी ने राज्य में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाए जाने का भी विरोध करते हुए कहा कि सरकार द्वारा इसमें बहुत बडा भ्रष्टाचार हुआ है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा ने सरकार द्वारा नगर निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव तय सीमा में नहीं कराने पर भाजपा सरकार के प्रति विरोध जाहिर करते हुए कहा कि भरतपुर जिला प्रमुख का पद लगभग 2 वर्ष से खाली पडा है लेकिन सरकार भाजपा के पक्ष में जनमत ना देखते हुए चुनाव कराने से कतरा रही है। जबकि पंचायती राज अधिनियम एवं नगर निकाय अधिनियम के तहत 5 वर्ष के अंदर चुनाव कराया जाना अनिवार्य होता है। सूपा ने इसे भाजपा सरकार द्वारा संविधान का उल्लंघन करना भी बताया। जिला अध्यक्ष सूपा ने बयाना क्षेत्र में सेंड स्टोन पत्थर पर ठेकेदारों द्वारा जबरदस्ती ली जा रही अवैध रॉयल्टी का भी कडे शब्दों में विरोध किया।विशिष्ट अतिथि श्रीमती जाहिदा खान ने भी राज्य सरकार द्वारा बडे पैमाने पर हर क्षेत्र में किये जा रहे भ्रष्टाचार को उजागर करते हुए कहा कि कामा में प्रशासन एवं पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर फैला हुआ है। बैठक में विधानसभा प्रभारी राजेश कटारा एवं मुरारी लाल मीणा सहित कई वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के प्रारंभ में शहर अध्यक्ष दयाचंद पचौरी ने स्वागत भाषण दिया। बैठक में कांग्रेसी विचारधारा के कार्यकर्ता आशीष राजपूत एवं राजेंद्र शर्मा को अतिथियों ने माला एवं कांठोसी पटका पहना कर कांठोस पार्टी की सदस्यता ठाहण कराई। कार्यक्रम के उपरांत प्रेस वार्ता भी आयोजित की गई। तत्पश्चात उक्त सभी समस्याओं के संबंध में जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में समस्त कांठोसियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया।

कार्यक्रम में साहब सिंह एडवोकेट, धर्मेंद्र शर्मा, जगदीश बंजी ,श्रीभगवान कटारा,राजीव कुम्हेर,रामेश्वर सैनी, बबीता शर्मा, राजू प्रधान, हरस्वरुप शर्मा, लोकपाल सिंह, फजर खान, देवेंद्र पहाड़ी, रमेश धावई, विष्णु गुप्ता, अशोक तांबी,राजेंद्र सारस्वत, केके उपाध्याय,अशोक फौजदार, राकेश पठानिया, सुरेश पूछरी, प्रेम प्रजापत सुगड खैरा,दिगंबर खटाना, मुस्ताक अहमद, अजयपाल दारापुरिया, मेघसिंह सरपंच,दिनेश बघेल,प्रशांत उपाध्याय, रिकी सिंह, शहीद खान, दीपेंद्र वुरावाई,चंद्रभान फौजदार, जीवनलाल शर्मा सहित सैकडो कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# अस्पतालों के निरीक्षण के लिए ब्लॉक स्तरीय टीम का गठन

**कोटपूतली।** बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर द्वारा गठित ब्लॉक स्तरीय टीम द्वारा मंगलवार को खण्ड के विभिन्न पीएचसी, सीएचसी व उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर निरीक्षण किया गया। राष्ट्रीय क्षय रोग, हरियालां राजस्थान एवं मौसमी बीमारियों के नियंत्रण हेतु लक्ष्यों को अर्जित करने के उद्धेश्य से राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं परिवार कल्याण के

- टीम ने विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की

कार्यक्रमो की समीक्षा हेतु सीएचसी नारेहडा, पीएचसी कल्याणपुरा कला, शुक्लाबास एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र जगदीषपुरा, सुन्दरपुरा, बनका, फतेहपुरा, पूतली, कांसली, मोहनपुरा, कुजोता एवं खडब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप स्वास्थ्य केन्द्र जगदीषपुरा पर कार्यरत एएनएम सुनिता सैनी, सुन्दरपुरा पर कार्यरत एएनएम सुमन, बनका पर कार्यरत एएनएम मन्जु यादव एवं सीएचओ सर्वेष एवं फतेहपुरा पर कार्यरत एएनएम इन्दु कुमारी बिना सूचना के अनुपस्थित मिलें, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के आदेष दिये गये। उप स्वास्थ्य केन्द्र पूतली, कांसली, मोहनुपरा, सरूण्ड एवं पीएचसी कल्याणपुरा कला एवं सीएचसी नारेहडा में निरीक्षण के दौरान लक्ष्यों से कम ब्लड सलाईड पायी गयी। जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। साथ ही लक्ष्यों के अनुसार बुखार के रोगियों की ब्लड स्लाईड बनाने, एन्टीलार्वा गतिविधि करने के निर्देष दिये गये।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कोटपूतली में स्वास्थ्य केन्द्रों का किया।